वार्षिक मूल्यांकन (लिखित) 2018

सेट-A

कक्षा- छठवीं

विषय - विज्ञान

वेळ - 3.00 घण्टे | पूर्णांक - 90

नोटः— सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

प्रश्नः— सही विकल्प चुनकर लिखिये। (5)

(अ) जल में विलेय है:—

(1) नमक (2) बालू

(3) लकड़ी का बुरादा (4) लोहे का टुकड़ा

(ब) पारभासी का उदाहरण है:—

(1) कॉच (2) लकडी

(3) घिसा हुआ कॉंच (4) कागज

(स) थ्रेसिंग प्रक्रम कहते है:—

(1) चावल से कंकड अलग करना

(2) डंडियों से अन्नकणों को अलग करना

(3) कंकड पत्थरों को रेत से अलग करना

(4) फल तथा सब्जियों से रस अलग करना

(द) गर्दन तथा सिर को जोड़ने वाली संधि कहलाती है:—

(1) कन्दुक खल्लिका संधि (2) धुराग्र संधि

(3) हिंज संधि (4) अचल संधि

(इ) सर्वाहारी है:—

(1) गाय (2) शेर

(3) मनुष्य (4) तितली

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्नः—2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजियेः—

(1) चुम्बक के सदैव ....ध्रुव होते है। (4)

(2) समुद्र के जल से नमक............................प्रक्रिया द्वारा प्राप्त होता है।

(3) हमें चीनी............................से मिलती है।

(4) तंतुओं से तागा बनाने की प्रक्रिया को.....................कहते है।

प्रश्नः—3 (18)

(1) विराम और गतिशील वस्तुएँ वर्गीकृत कीजियेः—
घर, उड़ती चिड़िया, चलती बस

(2) ऐसी गति जो एक निश्चित समय अंतराल के पश्चात दोहराती है, उसे कौन सी गति कहते है?

(3) मोमबत्ती का जलना किस गैस के कारण संभव होता है?

(4) वायु के संघटक लिखिये।

(5) संश्लिष्ट तन्तु किसे कहते है?

(6) गीले कपड़े किस क्रिया से सूख जाते है?

प्रश्नः—4 (35)

(1) विद्युत चालक एवं विद्युत रोधी किसे कहते है? प्रत्येक के दो—दो उदाहरण लिखिये।

(2) छड़ चुम्बक पर ध्रुवों की पहचान का कोई चिन्ह नहीं है। आप कैसे ज्ञात करेंगे कि किस सिरे के समीप उत्तरी ध्रुव स्थित है?

(3) पारदर्शी पदार्थ किसे कहते है? उदाहरण सहित समझाइये।

https://www.evidyarthi.in/

(4) रेत और जल के मिश्रण से आप रेत तथा जल को कैसे पृथक करेंगे?

अथवा

हमें किसी मिश्रण के विभिन्न अवयवों को पृथक करने की आवश्यकता क्यों होती है? दो उदाहरण लिखये।

(5) पौधे में तने का क्या कार्य है?

अथवा

मूसला जड़ एवं रेशेदार जड़ क्या है?

(6) केचुआ मिट्टी को अधिक उपजाऊ कैसे बनाता है?

अथवा

पक्षी हवा में आसानी से उड़ते है, क्यों?

(7) कचरा हमें किस प्रकार हानि पहुँचा सकता है?

अथवा

कचरे का निपटान परियोजना से संबंधित समस्याओं को लिखिए।

प्रश्नः— 5 (28)

(1) प्रकाश सरल रेखा में गमन करता है, इसको सिद्ध करने के लिये एक प्रायोगिक प्रदर्शन लिखिये।

अथवा

आप सूची छिद्र कैमरा कैसे बना सकते है?

(2) आपके चारों ओर होने वाले परिवर्तनों पर टिप्पणी लिखिये।

अथवा

बैलगाड़ी के पहिये पर लोहे का रिम कैसे चढाया जाता है, समझाइये।

https://www.evidyarthi.in/

(3) पर्यनुकूलन क्या है? यह अनुकूलन से किस प्रकार भिन्न है?

अथवा

समुद्र में रहने वाली डॉलफिन एवं व्हेल मछलियॉं किस प्रकार जीवित रहती है?

(4) संतुलित आहार से आप क्या समझते है?

अथवा

विटामिन ए,बी,सी. एवं डी की कमी से होने वाले रोग एवं उनके लक्षण लिखिए।

---

evidyarthi
https://www.evidyarthi.in/